[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 22 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 240, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

करुणा में शीतल अग्नि होती है जो क्रूर से क्रूर व्यक्ति का हृदय भी आर्द्र कर देती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर .... 02

03 विश्व संगीत दिवस पर ...

## खबर संक्षेप

### श्रीकुलम आश्रम में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पतंजलि योग परिवार द्वारा प्रतापनगर स्थित श्रीकुलम आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूज्य गुरुमैया के सानिध्य एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत के नेतृत्व में हुआ। योगाचार्य डॉ. नारायण सिंह चावड़ा, डॉ. नरेंद्र सनाढ्य सहित अन्य प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नियमित योग अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया।

### जनमत मंच ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनमत मंच द्वारा




हिरण मगरी सेक्टर-4 स्थित रामलीला पार्क में योग जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि योग स्वस्थ, शांत और संतुलित जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग मेंटर गीतांश कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके लाभ बताए। मंच के सचिव शिरीष नाथ माथुर ने योग को तनावमुक्त और ऊर्जावान जीवन का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में अरविंद लक्षकार, संतोष अरोड़ा, गुंजन अरोड़ा सहित अनेक लोगों ने भाग लेकर नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### ढ़ारेटा ग्राम के मुखिया बने रामजी भाई, सर्वसम्मति से हुआ चयन

**ढ़ारेटा/टोकर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम ढ़ारेटा में समस्त फलों (मोहल्लों) के पंचों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित हुई,



जिसमें सर्वसम्मति से रामजी भाई को ग्राम का मुखिया घोषित किया गया। इस अवसर पर परंपरानुसार साफा एवं पगड़ी दस्तूर कर उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में ग्राम विकास, सामाजिक समरसता एवं पारंपरिक मूल्यों को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। नव-निर्वाचित मुखिया रामजी भाई के नेतृत्व में ग्राम में ह्यकादीराह्ल (सामूहिक श्रम एवं सहयोग की परंपरा) को पुनर्जीवित करने तथा सभी कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और सेवा भाव से करने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि रामजी भाई के नेतृत्व में ग्राम विकास, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक एकता को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित पंचों एवं ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

### विप्र सेना ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विप्र सेना उदयपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परशुराम चौराहा स्थित हनुमान



मंदिर परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवन का आधार है। वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों के बीच योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष परमानंद शर्मा, शहर जिलाध्यक्ष अम्बालाल नागदा, युवा जिलाध्यक्ष अजय व्यास, नंदलाल जोशी, सोहनलाल जोशी, देवलाल नागदा, अविनाश भट्ट, कन्हैयालाल शर्मा एवं हितेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आबूरोड में राज्य स्तरीय समारोह:

# योग मानव कल्याण का वैश्विक माध्यम बना : मुख्यमंत्री

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**आबूरोड/जयपुर।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिरोही जिले के आबूरोड में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भी सुना और योग को मानव कल्याण का वैश्विक माध्यम बताते हुए इसे जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।







मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अरावली की पावन गोद में बसा आबूरोड आध्यात्मिकता, प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है। यहां की स्वच्छ वायु, हरियाली और शांत वातावरण योग की मूल भावना को साकार करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की शक्ति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने योग को कर्मयोग से जोड़कर विकास और जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनाया है। आज योग एक वैश्विक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। योग शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को जोड़ने के साथ-साथ पूरी दुनिया को भी जोड़ने का कार्य कर रहा है। यह गर्व का विषय है कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज मानवता के कल्याण का वैश्विक माध्यम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। इसका संदेश यह है कि योग केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बढ़ती उम्र के लोगों को भी शारीरिक रूप से सक्रिय, मानसिक रूप से संतुलित और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाए रखने का सशक्त माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान और संयुक्त राष्ट्र की मान्यता मिली। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत हुई। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक शक्ति और वैश्विक नेतृत्व का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि 21 जून 2015 को आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 35 हजार 985 लोगों ने एक साथ योग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वहीं राजस्थान ने भी योग के क्षेत्र में विशेष पहचान स्थापित की है। वर्ष 2018 में कोटा में एक लाख पांच हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक योग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा वर्ष 2025 में योग संगम पोर्टल पर 85 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा।

नक्की झील के किनारे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को मन की स्थिरता, आत्मविकास, कर्तव्यनिष्ठा तथा समाज और विश्व में शांति, आनंद एवं स्वास्थ्य के संवर्धन के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सफेद गुब्बारे उड़ाकर विश्व शांति और निरोगी राजस्थान का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक समाराम, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने आबूरोड में किया रात्रि भ्रमण, आमजन, व्यापारियों और पर्यटकों से जाना हाल

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**आबूरोड/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार रात्रि आबूरोड में नक्की झील एवं आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर आमजन, व्यापारियों और पर्यटकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की व्यवस्थाओं, पर्यटन गतिविधियों तथा विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए लोगों से सीधे फीडबैक प्राप्त किया।









मुख्यमंत्री ने मॉल रोड स्थित बाजार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया और स्थानीय व्यापारियों, खरीदारी कर रहे लोगों, पर्यटकों तथा स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने विभिन्न वर्गों के लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की आवश्यकताओं और सुझावों के बारे में जानकारी ली।

रात्रि भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं, युवाओं और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री बाजार क्षेत्र से पैदल चलते हुए नक्की झील तक पहुंचे। यहां झील के निकट स्थित वाटिका में मौजूद लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से आबूरोड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, पर्यटन सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नक्की झील में नौकायन कर झील क्षेत्र की व्यवस्थाओं और पर्यटन गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में भी जानकारी ली।

इस अवसर पर पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, सांसद लुंबाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, व्यापारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## राउमावि नाई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित




**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाई में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। प्रतिभागियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य जीवनलाल मेघवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और स्वस्थ जीवन के लिए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं आमजन से नियमित योग अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बद्रीलाल, आयुष विभाग के प्रतिनिधि, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लीलाधर ने दी।

## नौ चौकी पाल में जिला स्तरीय योगाभ्यास

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नौ चौकी पाल पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 2390 लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया, जबकि जिलेभर में 2909 पंजीकृत स्थलों पर करीब 86 हजार 600 लोगों ने योग कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के बाद प्रधानमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया गया तथा योग विशेषज्ञों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का



आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है।

योगाभ्यास के बाद कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने योग संकल्प एवं मतदान शपथ दिलाई। उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. रमेशचंद्र मीणा ने बताया कि जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में रिकॉर्ड जनभागीदारी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयुर्वेद विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय संगठनों का विशेष सहयोग रहा।

## आबूपर्वत विकास समिति की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देश, 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मिलेगी गति

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**आबूरोड/जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आबूरोड के पर्यटन, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके समग्र विकास के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क, पार्किंग, आवागमन और पर्यटन सुविधाओं का विस्तार कर क्षेत्र को नई पहचान दी जाएगी। आबूपर्वत विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्की झील के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सीढ़ियों की मरम्मत एवं सीवरेज व्यवस्था को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया।




मुख्यमंत्री ने धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख मंदिरों को पर्यटन मानचित्र से जोड़ने, टोकन व्यवस्था को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाने तथा अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ शहर विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में विवेकानंद पार्क, गुरु शिखर, अबुर्दा माता मंदिर, दत्तात्रेय मंदिर, नमो उद्यान तथा विद्युत वाहनों को बढ़ावा देने सहित 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने पर आबूरोड एक स्वच्छ, हरित, पर्यावरण अनुकूल और प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा।

बैठक में राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक समाराम, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुस्कान क्लब में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं साउंड हीलिंग सत्र आयोजित

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुस्कान क्लब में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। फिजियोथेरेपिस्ट एवं अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक डॉ. सोनाली चौहान ने साउंड हीलिंग मेडिटेशन, लाफ्टर योग और फिजियोथेरेपी संबंधी उपयोगी सुझावों के माध्यम से करीब 95 सदस्यों को योग, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।



मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत ईश वंदना से हुई। इस अवसर पर डॉ. सोनाली चौहान, अशोक जोशी, ज्योति जोशी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. बी.एल. वर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में सूरजमल पोरवाल, बी.एल. इंद्रावत एवं एम.पी. माथुर ने डॉ. सोनाली चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंत में ए.पी. माथुर ने आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## धमोतर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** उपखंड प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में धमोतर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अश्विन मालू, बीडीओ राकेश निनामा, आयुर्वेद विभाग की नोडल प्रभारी डॉ. रेखा लबाना, ग्राम विकास अधिकारी नवल जैन एवं सरपंच मीरा मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक देवीलाल सुथार एवं ट्विंकल राठौर ने



योगाभ्यास करवाते हुए योग एवं प्राणायाम के लाभ बताए। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर में भव्य योगाभ्यास, लाखों लोगों ने किया योग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर** । 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष योग दिवस की थीम ह्ययोग फॉर हेल्दी एजिंगह्व रही। सवाई मानसिंह स्टेडियम, अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, जलमहल एवं आमेर फोर्ट सहित विभिन्न स्थानों पर हजारों प्रतिभागियों ने एक साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 6:45 से 7:00 बजे तक प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने योग को मानवता, स्वास्थ्य और वैश्विक एकता का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास का आह्वान किया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर, सांसद मंजू शर्मा तथा पूर्व महापौर सौम्या गुर्जर ने योगाभ्यास किया। अल्बर्ट हॉल पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पत्रिका गेट पर खेल एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं विधायक कालीचरण सर्राफ, जलमहल पर विधायक बालमुकुंदाचार्य तथा आमेर फोर्ट पर जितेंद्र श्रीमाली ने योग कार्यक्रम में भाग लिया।







कार्यक्रम में प्रमुख शासन सचिव (आयुष) सुबीर कुमार, जिला कलेक्टर संदेश नायक, उप सचिव गोपाल परिहार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन ज्योति ककवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के मेघ सिंह एवं पतंजलि योग समिति के कुलभूषण बैराठी ने किया, जबकि मंच संचालन हेमलता शर्मा ने किया।

योगाभ्यास के अंत में प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में लाखों लोगों ने भाग लेकर योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किए मां अंबाजी शक्तिपीठ के दर्शन

**बनासकांठा/गुजरात/जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को गुजरात के बनासकांठा स्थित प्रसिद्ध मां



अंबाजी शक्तिपीठ में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने शक्तिपीठ पहुंचकर विधि-विधान के साथ मां अंबाजी की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्ध जीवन के लिए प्रार्थना की। उन्होंने देश की उन्नति, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण के लिए भी मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर शक्तिपीठ प्रबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया तथा उन्हें मां अंबाजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद मदन राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के शक्तिपीठ आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल रहा। दर्शन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

### हत्या के प्रयास के मामले में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** झाड़ोल थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश और अनुसंधान जारी है।

पुलिस के अनुसार गोराणा निवासी केशी बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मई 2026 को उसका पुत्र मोहनलाल और पुत्रवधू गोपीबाई मोटरसाइकिल से खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान आरोपियों हीरालाल, भंवरलाल, टिपूबाई तथा नरेश उर्फ नाथ ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के आधार पर झाड़ोल थाने में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी विवेकसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी भंवरलाल और नाथूलाल उर्फ नरेश को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में भंवरलाल पुत्र केशूलाल, उम्र 65 वर्ष, निवासी गोराणा, थाना झाड़ोल तथा नाथूलाल उर्फ नरेश पुत्र केशूलाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी चांगला, थाना झाड़ोल, जिला उदयपुर शामिल हैं। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### नाहरगढ़ जैविक उद्यान में टाइगर सफारी बनी आकर्षण का केंद्र

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों की भारी



भीड़ उमड़ी। सुहावने मौसम और अवकाश के चलते 5324 पर्यटकों ने उद्यान का भ्रमण किया, जबकि बड़ी संख्या में पर्यटकों ने लायन और टाइगर सफारी का रोमांचक अनुभव लिया। पर्यटकों के लिए टाइगर सफारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां राजस्थान की पहली व्हाइट टाइगर सफारी में सफेद बाघ भीम और गोल्डन बाघिन स्कंधी को देखकर लोग रोमांचित नजर आए। दोनों वन्यजीवों की गतिविधियों ने पर्यटकों को खासा आकर्षित किया। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक प्रबंध किए गए। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सफेद बाघ भीम और गोल्डन बाघिन स्कंधी को टाइगर सफारी क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है, जहां उन्हें अलग-अलग समय पर पर्यटकों के दर्शनार्थ छोड़ा जा रहा है। वन विभाग की प्रभावी व्यवस्थाओं और सतत निगरानी के कारण नाहरगढ़ जैविक उद्यान प्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में अपनी विशेष पहचान बना रहा है।

# स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शांति भवन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, प्रभारी सचिव मंजू राजपाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. जी.एल. शर्मा ने बताया कि योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने नियमित योग




अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी वर्चुअल माध्यम से प्रसारित किया गया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने योग को भारत की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार बताया।

वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी चुनौतियों के बीच योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा स्वच्छ,





स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वयं, परिवार और समाज में स्वास्थ्य, शांति एवं सकारात्मकता के प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद विभाग के पूर्व उपनिदेशक डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने किया।

## विकास की राह में जल निकासी का संकट: सड़क निर्माण और मिट्टी भराव से किसानों की बढ़ी चिंता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**इन्दौर।** बेटमा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ अब जल निकासी की समस्या भी चर्चा का विषय बनती जा रही है। ग्राम गोहान से खतेडिया तक निमार्णाधीन सीसी सड़क और कई गांवों में बड़े पैमाने पर हो रहे मिट्टी भराव के कारण किसानों के बीच विवाद की स्थिति बनने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि विकास कार्यों के साथ वर्षा जल निकासी की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले समय में खेती और ग्रामीणों दोनों के लिए गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। जानकारी के अनुसार गोहान से खतेडिया तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सड़क को पूर्व की तुलना में अधिक ऊंचाई पर बनाया जा रहा है, जिससे वर्षों से खेतों के बीच से होकर गुजरने वाले वर्षा जल के प्राकृतिक मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का पानी जिस दिशा में वर्षों से बहता रहा है, अब उसके प्रवाह में बदलाव की आशंका बन गई है। इससे कई खेतों में जलभराव



और निकासी को लेकर नए विवाद सामने आने लगे हैं।

**किसान ने निर्माण कार्य पर उठाए सवाल**

ग्राम सनावदा निवासी किसान रामकिशन पिता जगन्नाथ ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि उनके खेत के समीप पहले से स्वीकृत योजना के तहत एक पुलिया का निर्माण किया जा चुका है, जिससे वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित थी। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा निकट ही एक अन्य स्थान पर पाइप डालकर अतिरिक्त जल निकासी मार्ग तैयार किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही पटेल कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्धारित योजना से हटकर कार्य किया जा रहा है।

## तीन माह से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, झाड़ोल थाना पुलिस को मिली सफलता




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** झाड़ोल थाना पुलिस ने तीन माह से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश की पालना सुनिश्चित की है। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी विवेकसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी फेलीराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, सलूम्बर के प्रकरण संख्या 13/2025 में वांछित स्थायी वारंटी किशन पुत्र मोहन, उम्र 22 वर्ष, निवासी करेली, थाना सराड़ा, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित थाना झालारा, जिला सलूम्बर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# हिमालय से हिंद महासागर तक गूंजा योग का संदेश, 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में हुए आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर** । 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता से प्रसारित लाइव संबोधन भी देखा गया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज विश्व के सबसे बड़े सामूहिक उत्सव के रूप में स्थापित हो चुका है। हिमालय से हिंद महासागर तक तथा पूर्व में बंगाल से पश्चिम में सौराष्ट्र तक पूरा भारत योग की ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दे रहा है। योग ने विश्व को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने देशवासियों और विश्व समुदाय को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

जिला मुख्यालय के लक्ष्मण मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटारा, समाजसेवी अशोक पटेल रणोली, पंकज जैन, नगर परिषद के निवर्तमान सभापति अमृतलाल कलासुआ, जिला कलक्टर देशलदान, एडीजी आईएसएम एल. चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में योग, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने स्कंधासन, वज्रासन, ताड़ासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, शशकासन, मंडूकासन, पद्मासन, वक्रासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी।










राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

जिला कलक्टर देशलदान ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल आचार्य, योग प्रशिक्षक जयंतीलाल पंड्या एवं मोली भट्ट ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का संचालन वैभव पाठक ने किया तथा आभार आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. बद्री नारायण मीणा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद कुमार जाखड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. बद्री नारायण मीणा, सहायक निदेशक आयुर्वेद डॉ. यशवंत कुमार परमार, डॉ. अभयसिंह मालीवाड़, डॉ. विजेश रोत, डॉ. ज्योति डामोर, डॉ. प्रीति खराड़ी, डॉ. जयंत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# झपटने वाली गैंग का खुलासा: तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार, दो बाल अपचारी निरुद्ध

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर में लगातार बढ़ रही झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए सविना थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने राहगीरों और महिलाओं से मोबाइल, पर्स एवं बैग झपटने वाली एक शातिर गैंग का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने शहर में की गई 10 वारदातें स्वीकार की हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में शहर में चैन स्नैचिंग, मोबाइल, पर्स एवं बैग झपटमारी की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं




वृत्ताधिकारी छवि शर्मा के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना, मानव खुफिया तंत्र एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह का खुलासा किया। जांच के दौरान तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया तथा दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र उर्फ जेबला पुत्र बाबूलाल, उम्र 19 वर्ष निवासी पारेवी फला काट्या, थाना झाड़ोल, हंसमुख पुत्र हीरालाल, उम्र 20 वर्ष निवासी पारेवी फला नालघाटी, थाना झाड़ेल तथा कमलेश पुत्र नाना, उम्र 20 वर्ष निवासी कन्थारिया पारेवी, थाना झाड़ेल, जिला उदयपुर शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल, पर्स और बैग झपटने की 10 वारदातें स्वीकार की हैं। इनमें गोवर्धनविलास, सेक्टर-14, चेतक सर्कल, उदियापोल, रामपुरा तथा सेक्टर-11 क्षेत्र में महिलाओं, राहगीरों और वाहन चालकों को निशाना बनाकर झपटमारी तथा एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात शामिल है।

# विश्व संगीत दिवस पर स्वरांजलि म्यूजिक ग्रुप का हम-तुम कार्यक्रम संपन्न

## सदाबहार युगल गीतों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, संगीत प्रेमियों ने लिया भरपूर आनंद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर स्वरांजलि म्यूजिक ग्रुप द्वारा रविवार को न्यू मंगल रिसॉर्ट में हम-तुम नामक युगल गीतों पर आधारित भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

ग्रुप के संस्थापक विकास स्वर्णकार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात समूह के सदस्यों ने हिंदी फिल्म जगत के लोकप्रिय और सदाबहार युगल गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विजय राजपूत एवं संगीता ने यूँ ही तुम मुझसे बात करती होह्न, प्रीति माथुर एवं गौरव ने ह्यमेरा दिल भी कितना पागल हैह्न, चंदा सोनी एवं विकास स्वर्णकार ने ह्यझिलमिल सितारों का आंगन होगाह्न, मेघा एवं गौरव ने ह्यदिल है कि मानता नहींह्न, निखिल एवं नेहा ने जमाने के देखे हैं रंग हजार, नेहा एवं प्रीति ने ह्यतुमको पिया दिल दियाह्न, मोहन सोनी एवं प्रीति ने ह्यमुझे तेरी मोहब्बत का सहारा मिल गया होताह्न, विष्णु वैष्णव एवं गोपाल गोठवाल ने ह्ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगेह्न तथा योगेश उपाध्याय एवं नेहा ने फूल गुलाब का गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में संगीता एवं विजय ने आजा सनम मधुर चांदनी में, मेघा एवं संगीता ने ह्यहंसता हुआ नूरानी चेहराह्न, मोहित एवं योगेश ने ह्यधर्मवीरह्न का शीर्षक गीत तथा अरुण चौबीसा एवं नेहा ने ह्यमैं तेरी तू मेरा दुनिया से क्या लेनाह्न प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण चौबीसा ने की, जबकि चित्तौड़गढ़ से आए चंद्रप्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। मंच संचालन संगीता गोस्वामी, नूतन बेदी और मोहन सोनी ने किया। कार्यक्रम संयोजक मोहन सोनी ने बताया कि समूह का उद्देश्य संगीत प्रेमियों को मंच प्रदान करना, संगीत के प्रति रुचि विकसित करना तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान विश्व संगीत दिवस से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रीति माथुर, सुशील वैष्णव एवं गोपाल गोठवाल विजेता रहे। उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सह संस्थापक योगेश उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दौर में कलाकारों ने फीमेल ट्रैक के साथ एकल प्रस्तुतियां भी दीं। नूतन बेदी, कमल, किशोर, विश्वा, विष्णु वैष्णव, चंद्रप्रकाश शर्मा, सुमित गर्ग, पंकज आर्य, विकास सोनी, गजेंद्र सोनी, सुरेंद्र दत्त, पुष्कर नायक एवं सुशील वैष्णव सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम के अंत में गोपनीय मतदान के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ गायकों का चयन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर प्रीति माथुर, द्वितीय स्थान पर सुशील वैष्णव तथा तृतीय स्थान पर गोपाल गोठवाल रहे। तीनों प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अरुण चौबीसा ने सभी कलाकारों, अतिथियों, आयोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन स्नेहभोज के साथ हुआ।









# जयसमंद की ऐतिहासिक पाल पर उमड़ा योग का महासागर, हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश, जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजन तक ने निभाई सहभागिता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** विश्व प्रसिद्ध जयसमंद झील की ऐतिहासिक पाल रविवार सुबह योग, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा के विराट केंद्र में तब्दील हो गई, जब 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अरावली की सुरम्य वादियों और जयसमंद की शांत जलराशि के बीच हजारों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्ययोगा फॉर हेल्दी एजिंगह्न रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पूरा परिसर योग, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संबोधन का लाइव प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित संदेश को भी सुना। दोनों नेताओं ने योग को स्वस्थ समाज और विकसित भारत की मजबूत नींव बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।


विधायक शांता देवी मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला ऐतिहासिक अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और बच्चों से नियमित योग अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ परिवार ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने कहा कि योग किसी विशेष आयु वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है। योग जीवन में संतुलन, आत्मविश्वास, मानसिक शांति और सकारात्मक सोच का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ योग और अध्यात्म को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग, संतुलित खानपान और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रभारी सचिव खजान सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों को योग की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, धैर्य, अनुशासन और सकारात्मकता का विकास करता है। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति एवं नियमित योगाभ्यास की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को कमजोर करता है, जबकि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर योग, खेल और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील की।

योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में हजारों प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया। जयसमंद की ऐतिहासिक पाल पर एक साथ योग करती विशाल मानव श्रृंखला ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया और पूरे जिले को स्वास्थ्य, अनुशासन तथा सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विधायक शांता देवी मीणा, प्रभारी सचिव खजान सिंह, जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी., अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, योग प्रशिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।








# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मेक्सिको की कार्यवाहक राजदूत का किया आत्मीय स्वागत



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मेक्सिको दूतावास की कार्यवाहक राजदूत क्लौडिया केलर लापेयर ने शनिवार को सिटी पैलेस पहुंचकर मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वहन करते हुए मेवाड़ी रीति-रिवाजों के अनुरूप राजदूत क्लौडिया केलर लापेयर, उनकी बहन गिसेला केलर लापेयर तथा गनेरीवाल फाउंडेशन के ट्रस्टी कुणाल गनेरीवाल का आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सिटी पैलेस में आयोजित इस विशेष मुलाकात के दौरान भारत और मेक्सिको के सांस्कृतिक संबंधों, मेवाड़ की गौरवशाली विरासत, कला, स्थापत्य, इतिहास एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

इस अवसर पर क्लौडिया केलर लापेयर ने उदयपुर को विश्व के सबसे आकर्षक और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक बताते हुए कहा कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय कला-कृतियां और भव्य स्थापत्य सौंदर्य उन्हें अत्यंत प्रभावित कर गया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सिटी पैलेस का भ्रमण उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जहां विरासत का प्रत्येक स्वरूप राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करता है। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मेहमानों को मेवाड़ की ऐतिहासिक परंपराओं, सांस्कृतिक धरोहरों और संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जो विभिन्न देशों और समाजों को आपस में जोड़ने का कार्य करती है। उदयपुर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में संपन्न यह शिष्टाचार भेंट भारत और मेक्सिको के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। यह मुलाकात इस बात का भी प्रतीक बनी कि विरासत, संस्कृति और साझा मानवीय मूल्य देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# घंटाघर थाना व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई, हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर में अपराध एवं मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत घंटाघर थाना पुलिस एवं डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एमडीएमए, एक धारदार चाकू एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया।




पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी राजेश यादव के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना के ठिकाने पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना और रऊफ शेख के कब्जे से एमडीएमए बरामद किया गया, जबकि फरहान अख्तर उर्फ चिकना के पास से चाकू एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा मिला।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना, फरहान अख्तर उर्फ चिकना तथा रऊफ शेख शामिल हैं। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त एवं सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट एवं मारपीट सहित 26 प्रकरण दर्ज हैं। फरहान अख्तर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के पांच मामले तथा रऊफ शेख के खिलाफ हत्या का एक प्रकरण दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### जयपुर में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जयपुर के विभिन्न संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वस्थ आयु के



लिए योग थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा) में अतिरिक्त मुख्य सचिव (प्रशिक्षण) श्रेया गुहा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। वहीं गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में महानिदेशक मालिनी अग्रवाल की उपस्थिति में करीब 250 स्वयंसेवकों एवं अधिकारियों ने योग किया। सचिवालय नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। सभी कार्यक्रमों में योगासन, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### राजस्थान सेवा समिति विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**अहमदाबाद @ पदमावत मीडिया।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजस्थान सेवा समिति विद्यालय में योग एवं




स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लकुलीश योग विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्यांश जैन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग, प्राणायाम, ध्यान तथा तनाव प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. जैन ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच, मानसिक एकाग्रता और व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से विद्यार्थियों में अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है, वहीं शिक्षकों को मानसिक संतुलन एवं कार्यक्षमता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगमय जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। डॉ. जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिप्रा अग्रवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिये योगाभ्यास सर्वोत्तम

**बीकानेर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर



रविवार को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी सभागार में अकादमी कार्मिकों व अन्य लोगों ने योगाभ्यास किया। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, तनाव दूर होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इस दौरान सुरेश व्यास ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर श्रीनिवास थानवी, अंजली टाक, केशव जोशी, कान सिंह, मनोज मोदी, रामगोपाल मारू, रेणु प्रजापत, रजत आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनसमूह के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने विभिन्न योग क्रियाओं में सहभागिता कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा तन-मन को स्वस्थ रखने की संकल्प शपथ भी दिलाई। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन का आधार बताया।

## योगमय हुई झीलों की नगरी, हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को झीलों की नगरी उदयपुर योगमय वातावरण में सराबोर नजर आई। ह्यस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्ल थीम पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत जिलेभर में सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए गए, जिनमें



जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां हजारों प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जिले के प्रभारी सचिव टी. रविकांत, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, पुष्कर तेली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद डॉ. महेश कुमार गुप्ता एवं नोडल अधिकारी डॉ. भानूकुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक नोडल अधिकारी एवं संयोजक वैद्य शोभालाल औदिच्य ने योग प्रोटोकॉल एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

सुबह 7 बजे निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। शिथिलीकरण क्रियाओं के बाद खड़े होकर तथा बैठकर किए जाने वाले विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। पेसिफिक महाविद्यालय की डॉ. शुभा सुराणा ने योगाभ्यास का संचालन करते हुए प्रत्येक योग क्रिया के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी तथा योगाभ्यास से पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा, गिर्वा उपखंड अधिकारी अवुला सांईकृष्ण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पतंजलि योग समिति, खेल विभाग, यूडीए, नगर निगम, एनसीसी, स्काउट एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और आमजन उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री का संदेश हुआ प्रसारित

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन भी प्रसारित किया गया। उन्होंने योग को भारतीय जीवनशैली की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### योग भारत की अमूल्य धरोहर : बाबूलाल खराड़ी

समापन सत्र को संबोधित करते हुए जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है।

उन्होंने कहा कि ह्यस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्ल थीम समाज को यह संदेश देती है कि नियमित योगाभ्यास से बढ़ती उम्र में भी व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### योग प्रशिक्षकों का किया सम्मान

कार्यक्रम के अंत में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी सहित अतिथियों ने सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शोभालाल औदिच्य, योग प्रशिक्षक डॉ. शुभा सुराणा तथा मंच पर योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन करने वाले बालक सूर्याश और प्रणव सहित सभी प्रशिक्षकों का उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया।

# पेयजल परियोजना का मुख्यमंत्री ने किया हवाई निरीक्षण
# समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर की महत्वाकांक्षी देवास-3 एवं देवास-4 पेयजल परियोजनाओं का हवाई निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि उदयपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों की वर्तमान एवं भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन देवास-3 एवं देवास-4 बांधों के विभिन्न कार्यस्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने बांध निर्माण, सुरंग निर्माण तथा



परियोजना से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान देवास परियोजना के तहत डैम एक्सेस मार्ग और टनल-3 के विभिन्न निर्माण स्थलों का भी जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री ने परियोजना की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि देवास-3 एवं देवास-4 परियोजनाएं उदयपुर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। इसलिए इनके निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तेजी से पूरे किए जाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही कार्यों की नियमित निगरानी कर आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परियोजना के अंतर्गत बांध निर्माण, सुरंग निर्माण, पुनर्वास कार्यों तथा अन्य प्रमुख निर्माण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना पूर्ण होने के बाद उदयपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं स्थायी बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और पेयजल परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को परियोजना की नियमित समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## ब्लॉक स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उमड़े शहरवासी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड में किया गया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि योग दिवस पर उप खण्ड प्रशासन, आयुर्वेद विभाग एवं नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोलकाता से दिए गए योग दिवस संबोधन का लाइव प्रसारण उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। वैदिक प्रार्थना के साथ योग दिवस का शुभारंभ हुआ। योग शिक्षक मानाराम चौधरी एवं जेठाराम आचार्य ने उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अधिकारियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. चंदिका जांगिड़ ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त





जीवन का आधार है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेशकुमार ने बताया कि योग भारत की प्राचीन आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक साधना है। ह्ययोगह्ल शब्द संस्कृत की ह्ययुजह्ल धातु से बना है, जिसका अर्थ जुड़ना अथवा एकाकार होना है। योग मन, शरीर एवं आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने योग के विभिन्न प्रकारों ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग, राजयोग एवं हठयोग तथा उनके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नियमित योगाभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी बताया। कन्हैयालाल खण्डेलवाल ने योग शिविर में अद्दश्य नाश्ता एवं अल्पाहार व्यवस्था के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष सांवलाराम देवासी एवं पुलिस उप अधिक्षक शंकरलाल मसूरिया ने भी योग के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मंच संचालन मीठालाल जांगिड़ ने किया।

नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर तहसीलदार भीखदान चारण, नायब तहसीलदार मीठाराम जोशी, अधिशासी अधिकारी तेजराज भंडारी, डॉ. श्रवण मोदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के तत्वावधान में जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में उदयपुर जिला मुख्यालय के न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान बार एसोसिएशन की ओर से न्यायाधीशों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया



गया। ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष जोशी, कोर्ट मैनेजर सुनील जैन, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन, उपाध्यक्ष महेंद्र मेनारिया, महासचिव लोकेश गुर्जर सहित न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद जीवन जीने की कला सिखाती है : बैरवा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने महवा के समलेटी गांव में आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय बस स्टैंड महवा के नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केवल भवन के निर्माण के शुभारंभ का ही नहीं अपितु आने वाली पीढि?ों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समृद्धि के संकल्प का आधार है। यह महवा क्षेत्र के साथ पूरे राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने देश एवं प्रदेश के विकसित होने का आधार गांवों के स्वस्थ, शिक्षित और मजबूत होने को बताया। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति के साथ स्वस्थ रहने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर हम तनाव, रक्तचाप इत्यादि से दूर रह सकते हैं। भारत ने विश्व को योग दिया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार किया ताकि सभी निरोगी रहे।उन्होंने कहा कि बीमारी पश्चात दवाई देना महत्वपूर्ण है किंतु उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है बीमारी को होने से रोक देना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयुष विभाग निरंतर प्रगतिरत है एवं पंचकर्म जैसी सुविधा आमजन को उपलब्ध करवा रहा है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण औषधियाँ निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।उन्होंने आयुर्वेद की महत्ता बताते हुए कहा कि यह प्रकृति के साथ चलने की सीख देता है। यहां आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बनने से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा।

## गृह प्रवेश के अवसर पर स्नात्र पूजन का किया आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल/मुम्बई ।** मुम्बई जैसे महानगर में जहां भाग दौड़ की जिंदगी रहती हैं, वहां पर भी लोग शांति की तलाश में रहते हैं। ऐसे ही मुम्बई उप नगर गोरेगांव में सोनाली वैभव बाफना के नवीन गृह प्रवेश के अवसर पर जैन विधि विधान से स्नात्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंगलकारी मुनि सुव्रत महिला मंडल गोरेगांव की महिलाओं ने जैन विधि विधान पूर्वक स्नात्र पूजन का आयोजन कर पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना दिया। महिला मंडल की जया पुनमिया, रीटा बाफना, विमला राठौड़, प्रेमलता धनरेशा, मधु कोठारी, मंजू अंबानी, संगीता



छाजेड, पवन कावेडिया, हीना बंदा मुथा, अर्चना जैन, चन्द्रीका बागरेशा, रेशमा परमार, हीना छत्रगोता, मंजू अंबानी, संगीता छाजेड, पवन कावेडिया ने बड़े ही शानदार ढंग से पूजन का आयोजन कर भक्तों का दिल जीत लिया। गोरेगांव में श्री वैभव बाफना एवं सोनाली बाफना के गृह प्रवेश के अवसर पर मंगलकारी मुनि सुव्रत महिला मंडल द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से स्नात्र



पूजन का आयोजन किया गया। पूजन के अवसर पर परिवार के सदस्यों माणकमल भंडारी, अमीचंद कर्नावट, अशोक पालगोता, नीरज टाणी, भरत बाफना, सीता बाफना, राजकंवर भंडारी, कलावती बाफना, सुरेशा बाफना, इन्दू पालगोता, शीला टाणी, सुशीला तलेसला, अनिता बोहरा सहित कई बंधु उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का हुआ आयोजन







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मदुराई के तत्वावधान में सौराष्ट्र बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल कामराज सलाई रोड मदुराई में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, समाजजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि योग शिविर में तमिलनाडु के सह राज्य प्रभारी अभिजीत बोस ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन जी सकता है।कार्यक्रम में श्रेणिक सिंघवी, पुनमाराम प्रजापत, भागचंद बाफना, अर्जुनसिंह, देवीचंद जैन, ओमप्रकाश चौधरी, जोमतसिंह, रतन वैष्णव एवं दिनेश सालेचा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन तगाराम एवं छोगाराम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर के पश्चात योग प्रसादम का वितरण किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी टी.पी. सदानंदन, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी तगाराम, सह जिला प्रभारी छोगाराम तथा युवा प्रभारी दुदाराम सहित समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। मुख्य योग शिक्षक जुहारसिंह एवं बाबूसिंह के साथ कांतिलाल जैन, हीराचंद जैन, चंदनमल जैन, रामचन्द्र तथा गणपतसिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मीडिया संयोजक दिनेश सालेचा ने बताया कि योग मानव जीवन को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## शिल्पग्राम में विश्व योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा 12वें विश्व योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर रविवार को शिल्पग्राम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। केंद्र के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि आयुष मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक भारती मीणा एवं सुमन कुमावत के मार्गदर्शन में लोक कलाकारों, शिल्पकारों तथा केंद्र के अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन, योग मुद्राओं एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक भारती मीणा ने योग क्रियाओं के शारीरिक लाभों की जानकारी दी, जबकि सुमन कुमावत ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर अभ्यास को सरल बनाया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया तथा अंत में उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## बड़ोदिया में 26-27 जून को गूंजेगी वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि, होगा कीर्ति स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव

**बड़ोदिया/बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** श्री विश्वकर्मा मंदिर, बड़ोदिया में 26 एवं 27 जून को आयोजित होने वाले भव्य श्री विष्णुयज्ञ एवं कीर्ति स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शनिवार को धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए समाज के प्रतिनिधिमंडल ने वागड़ की आराध्य शक्तियों को आमंत्रण अर्पित किया। श्री विश्वकर्मा सेवा संस्थान, बड़ोदिया के प्रतिनिधि घनश्याम सुथार, जगदीश लीलाराम शर्मा, दिनेश हीरालाल शर्मा एवं विशाल शर्मा



वागड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ नन्दनी माता मंदिर (पावागढ़) तथा वाराही माता मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीफल



एवं महोत्सव की निमंत्रण पत्रिका अर्पित की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों भगिनी देवियों के श्रीचरणों में आगामी श्री विष्णुयज्ञ एवं नवनिर्मित कीर्ति स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव को समर्पित करते हुए आयोजन की सफलता, क्षेत्र की खुशहाली एवं समाज की उन्नति के लिए प्रार्थना की। साथ ही देवियों से महोत्सव को उनकी दिव्य कृपा एवं आशीर्वाद से निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने की कामना की। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय सनातन परंपरा में किसी भी बड़े धार्मिक आयोजन से पूर्व क्षेत्र की आराध्य शक्तियों एवं देवस्थानों को निमंत्रण अर्पित करने की प्राचीन परंपरा है। इसी कड़ी में यह धार्मिक आमंत्रण यात्रा आयोजित की गई। गौरतलब है कि समस्त गुजराती मेवाड़ा सुथार समाज, बड़ोदिया एवं श्री विश्वकर्मा सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में 26 जून को हेमाद्रि संकल्प, गणपति पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना एवं विष्णुयज्ञ प्रारंभ होगा, जबकि रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। 27 जून को कीर्ति स्तंभ प्रतिष्ठा, महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ महोत्सव का समापन होगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।